1. **नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन A: परखे राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत राजस्थान की राज्य रिपोर्ट, राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सर्वेक्षण पर आधारित थी।**
**कारण R: परख एनईपी 2020 के अंतर्गत विद्यालय शिक्षा के लिए एक आंकलन पहल है।**
**उपरोक्त कथनों के ओलीक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है, लेकिन R सहीं नहीं है।
(B) A सही नहीं है, लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

2. **नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन A: स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता, विशेषकर विशेषकर राज्य के शैक्षणिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में सुधार करने के लिए आरंभ किए गए हैं।**
**कारण R: स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय 186 शैक्षणिक रूप से पिछड़े प्रखंडों (ईबीबी) में संचालित हैं। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर कंचियन कीजिए:**
(A) A सही है, लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

3. **सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची 1 (राजस्थान निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम 2011 के भाग) | सूची II (प्रावधान) |
|---|---|
| a. भाग II | I. पाठशाला और शिक्षकों के दायित्व |
| b. भाग III | II. पाठशाला प्रबंधन समिति |
| c. भाग IV | III. निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार |
| d. भाग V | IV. राज्य सरकार और स्थानीय प्राधिकारी के कर्तव्य और उत्तरदायित्व |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-IV, b-1, c-II, d-III
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

4. **नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;**
**अभिकथन A: आंगनबाड़ी का अर्थ शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित आंगनबाड़ी केन्द्र से है।**
**कारण R: पाठशाला प्रबंधन समिति विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की पहचान करती है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है, लेकिन R सहीं नही है।
(B) A सही नहीं है, लेकिन R सही है।
(C) A और Rदोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और B दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

5. **कर्क रेखा $\left(23\frac{1^\circ}{2}\right.$ उ. अक्षांश$\left.\right)$ राजस्थान के किस जिले से गुजरती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) चित्तौड़गढ़ (B) प्रतापगढ़
(C) डूंगरपुर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

6. **बीकानेर जिले का पलाना किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?**
(A) जिप्सम (B) संगमरमर
(C) सोना (D) लिग्नाइट कोयला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

7. **राजस्थान के किस ज़िले का अधिकांश क्षेत्र वन से आच्छादित है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) उदयपुर (B) भरतपुर
(C) जयपुर (D) टोंक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

8. **सूची I को सूची II से सुमेलित करे**

| सूची I (नेशनल पार्क) | सूची II (प्रसिद्ध है) |
|---|---|
| a. रणथंभौर | I. पक्षी |
| b. केवलादेव घाना | II. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड |
| C. डेजर्ट नेशनल पार्क | III. बाघ |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-II (B) a-III, b-II, c-I
(C) a-II, b-III, c-I (D) a-I, b-III, c-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

9. **विन्ध्य कगारी भूमि राजस्थान के किस भौगोलिक प्रदेश का प्रविभाजन है?**
(A) पूर्वी मैदानो (B) दक्षिणी-पूर्वी पठार
(C) पश्चिमी रेतीले मैदान (D) अरावली रेंज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

10. **सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए -**

| सूची I (नदी) | सूची II (सहायक नदी) |
|---|---|
| a. चंबल | I. जोझड़ी |
| b. बनास | II. काली सिंध |
| c. लूणी | III. सोम |
| d. माही | IV. कोठारी |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-IV, b-II, c-I, d-III (B) a-II, b-IV, c-I, d-III
(C) a-II, b-III, c-I, d-IV (D) a-IV, b-III, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

11 **नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन A: जब वर्षा जल तूटबंध को तोड़कर विशाल क्षेत्र में फैलता है तो इसे बाढ़ कहा जाती है।**

**कारण R: कोसी नदी को बिहार का शोक और दामोदर नदी को बंगाल का शोक कहा जाता है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

12 **नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन A: खनिज भंडार की दृष्टि से राजस्थान दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।**
**कारण R: राजस्थान गैर- लौह धातुओं, जस्ता, जिप्सम का एक प्रमुख उत्पादक है एवं पत्थर का भंडार भी है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सहीं है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

13 **अरावली की निम्नलिखित चोटियों को उनकी ऊंचाई के घटते हुए क्रम में व्यवस्थित करें:**
**a. गुरु शिखर** **b. सेर**
**c. अचलगढ़** **d. देलवाड़ा**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c, d (B) c, b, d, a
(C) b, d, c, a (D) b, c, d, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

14 **राजस्थान की फसलों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**a. राजस्थान देश में बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक है।**
**b. कल्याण सोना, सोनालिका, मंगला गेहूँ की किस्में हैं**
**c. गंगानगर राजस्थान में कपास का अग्रणी उत्पादक ज़िला है।**
**d. भारत के गेहूँ उत्पादक राज्यों में राजस्थान का प्रथम स्थान है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c, d (B) a, c, d
(C) a, b, d (D) a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

15 **निम्नलिखित में से किस संत को "राजस्थान का कबीर" कहा जाता है?**
(A) पीपा (B) धन्ना
(C) संत हरिदास (D) दादूदयाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

16 **सूची I को सूची II से सुमेलित करे-**

| सूची I (प्रसिद्ध मंदिर) | सूची II (शहर/ कस्बे) |
|---|---|
| a. करणी माता | I. करौली |
| b. मदन मोहन जी | II. समदड़ी |
| c. पीपाजी | III. देशनोक |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-I (B) a-III, b-II, c-I
(C) a-I, b-II, c-III (D) a-III, b-I, c-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

17 **गागरोण दुर्ग राजस्थान में किस प्रकार के दुर्ग का उदाहरण है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) पारीख (B) एरण
(C) जल (D) वन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

18 **राजस्थान में 1857 की क्रांति सबसे पहले कहाँ शुरू हुई थी?**
(A) अलवर (B) नसीराबाद
(C) कोटा (D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

19 **"ढ़ोलामारू य दूहा" राजस्थान की किस चित्रकला शाखा से संबंधित है?**
(A) अज़मेर शाखा/शैली (B) मारवाड़ शाखा/शैली
(C) ढूंढ़ाड़ शाखा/शैली (D) कोटा शाखा/शैली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

20 **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**a. अग्नि नृत्य जसनाथी सम्प्रदाय का प्रसिद्ध नृत्य है।**
**b. वालर नृत्य गरासिया जनजाति द्वारा किया जाता है।**
**c. कामड़ जाति तेरहताली नृत्य द्वारा बाबा रामदेवजी की महिमा का गायन करती है।**
**d. गैर नृत्य कालबेलिया जनजाति की संस्कृति दर्शाता d. है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c (B) b, c, d
(C) a, b, d (D) a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

21. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**a. कालीबंगा हनुमानगढ़ जिले में स्थित है।**
**b. आहड़वासियों ने अपने मृतकों को आभूषणों और गहनों के साथ दफनाया था।**
**c. बागोर टोंक ज़िले में स्थित है।**
**d. ताम्रपाषाण मृद्भाण्ड गिलूण्ड में पाये जाते हैं।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c (B) a, b, d
(C) b, c, d (D) a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

22. **हवेली स्थापत्यकला के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**a. 'बच्छावतों की हवेली' बीकानेर में स्थित है।**
**b. 'पटवों की हवेली' जैसलमेर में स्थित है।**
**c. 'गौरीलाल बियानी की हवेली' टोंक में स्थित है।**
**d. 'सोने-चाँदी की हवेली' झुंझनू में स्थित है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, c, d (B) b, c, d
(C) a, b, d (D) a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

23. **नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**

**अभिकथन A: राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन और जनजातीय जागरण में योगदान देने वालों में मोतीलाल तेजावत (1888-1963) का विशेष स्थान है।**
**कारण R: 1905 में गोविन्द गुरु ने सम्प सभा की स्थापना की थी, जिसके माध्यम से उन्होंने भीलों और गरासिया में राजनीतिक और सामाजिक जनजागरण किया। उपरोक्त कथनों के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
**(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।**
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**24. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा, उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन A: कोटा राज्य में जनजागरण के प्रणेता पंडित नयनूराम शर्मा थे, उन्होंने थानेदार के पद से त्यागपत्र दिया।**
**कारण R: 1939 में कोटा राज्य में उत्तरदायी शासन की स्थापना के प्रयोजन से पंडित-नयनूराम शर्मा और पंडित अभिन्न हरि ने कोटा राज्य प्रजामंडल की स्थापना की थी।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं। और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**25. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची 1 (रचना)** | **सूची II (रचनाकार)** |
|---|---|
| **a. जुदाव** | **1. तेज सिंह जोधा** |
| **b. गांव** | **II. पारस अरोड़ा** |
| **C. कथै किन व्हैगी है,** | **III गोरधन सिंह शेखावत** |
| **d. सोजती गेट** | **VI. मणि मधुकर** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-I, c-III, d-IV
(B) a-II, b-III, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-IV, b-II, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**26. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची I (लेखक)** | **सूची II (पुस्तक)** |
|---|---|
| a. पानू खोलिया | I. शिगाफ |
| b. मनीशा कुलश्रेष्ठ | II. स्वप्नजीवी |
| c. रमेश उपाध्याय | III. प्रोफेसर पुराण |
| d. अशोक शुक्ला | IV. सत्तर पार के शिखर टूटे |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-I, c-III, d-IV
(B) a-II, b-III, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-IV, b-II, c-I d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**27. कौनसी छात्रवृत्ति योजना राज्य शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) एसटी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना
(B) 'अनुप्रति' योजना
(C) ओबीसी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना
(D) एससी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**28. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन A: राजस्थान ने हमारे राष्ट्र को बहुत सारे बड़े 2 उद्योगपति दिए हैं, परन्तु उनमें से कोई भी इस राज्य में उद्योग विकसित नहीं कर पाया।**
**कारण R: रजवाड़ों में औद्योगिक विकास के अनुकूल परिवेश नहीं था एवं औद्योगिक आधारभूत संरचना की भी कमी थी।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न []

**29. राजस्थान की सर्वप्रथम जूट मिल, 'ध क्रिष्णा मिल्स लिमिटेड' कहाँ शुरु हुई?**
(A) ब्यावर
(B) कोटा
(C) भीलवाड़ा
(D) सांगानेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**30. निम्नलिखित में से कौनसे कथन सत्य हैं?**
**a. 1864 में आबू में नगरपालिका स्थापित की गई थी।**
**b. 'आधुनिक' राजस्थान का भाग बनने से पूर्व सिरोही बॉम्बे प्रेसीडेंसी और राजपूताना के अंतर्गत रहा था।**
**c. संयुक्त राजस्थान 19 जून, 1950 को अस्तित्व में आया था।**
**d. राजस्थान में राजप्रमुख की अध्यक्षता में एक एकीकरण समिति 9 अप्रैल 1949 को नियुक्त की गई**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, d
(B) a, d
(C) a, b
(D) b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**31. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची I (कारखाना)** | **सूची II (स्थान)** |
|---|---|
| a. प्राणी चारा (फीड़) कारखाना | I. भरतपुर |
| b. राज्य चर्मशोधन लिमिटेड | II. अजमेर |
| c. सिमको-बिरला रेल वैगन कारखाना | III. टोंक |
| d. लोको और कैरिज कार्यशाला | IV. जयपुर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, C-III, d-IV
(D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**32. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची I (मेला)** | **सूची II (स्थान)** |
|---|---|
| a. कपिल मुनि | I. रेवासा |
| b. शीतला माता | II. कोलायत |
| c. श्री महावीरजी | III. चाकसू |
| d. जीणमाता | IV. चंदनपुर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II (B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**33. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (कार्यक्रम) | सूची II (उद्देश्य) |
|---|---|
| a. निपुण भारत मिशन | I. सरकारी विद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए |
| b. मीना-राजू मंच | II. बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए |
| c. ज्ञान संकल्प पॉर्टल | III. बालकों के अधिगम कौशल और दक्षता संवर्धन हेतु |
| d. गार्गी पारितोषिक योजना | IV. बालिका शिक्षा की सहायता के लिए परिवारों और समुदायों में समर्थन जुटाना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II (B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**34. राजस्थान निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम 2011 कब अधिसूचित किया गया था?**

(A) 29 मार्च, 2011 (B) 29 अप्रैल, 2011
(C) 29 जनवरी, 2011 (D) 29 फरवरी, 2011
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**35. शाला प्रबंधन समिति में निम्नलिखित सदस्य होते हैं:**

a. पाठशाला में कार्यरत 20 वर्ष अनुभव वाले वरिष्ठ शिक्षक
b. राज्य सरकार द्वारा नामित पाँच सेवानिवृत्त शिक्षक
c. पाठशाला में कार्यरत सभी शिक्षक
d. पाठशाला में अध्ययनरत प्रत्येक बालक के माता-पिता/संरक्षक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, d (B) c, d
(C) a, b (D) b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**36. राजस्थानी भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2023 किसने जीता है?**

(A) गजे सिंह राजपुरोहित (B) मीतेश निर्मोही
(C) अंबिका दत्त (D) भंवर सिंह सामौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**37. निम्नलिखित में से कौन अर्जुन पुरस्कार 2023 के विजेता हैं?**

a. रोहित शर्मा b. मोहम्मद शामी
c. सुशीला चानू d. अवनि लेखरा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c (B) c, d
(C) a, b (D) b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**38. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**

**अभिकथन A: एसडीजी पर ज़िलों के प्रदर्शन का मापन करने के लिए राजस्थान एसडीजी सूचकांक विकसित किया गया है।**

**कारण R: राजस्थान एसडीजी सूचकांक के अद्यतन पांचवें संस्करण में 23 सूचक हैं।**

**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**39. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (नोबेल पुरस्कार विजेता) | सूची II (क्षेत्र) |
|---|---|
| a. अभिजीत विनायक बनर्जी | 1. रसायन विज्ञान |
| b. कैलाश सत्यार्थी | II. शांति |
| c. वेंकटरमन रामकृष्णन | III. चिकित्सा/औषधि |
| d. हरगोविन्द खुराना | IV. अर्थशास्त्र |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-IV, b-II, c-I, d-III
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**40. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए -**

| सूची I (थर्मल प्लांट /सोलर पार्क) | सूची II (ज़िला) |
|---|---|
| a. भड़ला सोलर पार्क | I. जोधपुर |
| b. नोख सोलर पार्क | II. जैसलमेर |
| c. कालीसिंध थर्मल पावर स्टेशन | III. झालावाड़ |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-III, c-I (B) a-II, b-I, c-III
(C) a-I, b-II, c-III (D) a-III, b-II, c-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**41. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (शुभंकर) | सूची II (ज़िला) |
|---|---|
| a. जंगली मुर्गा | I. टोंक |
| b. चिंकारा | II. सिरोही |
| c. हंस | III. गंगानगर |
| d. कबर बिज्जू | IV. उदयपुर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-III, b-I, c-II, d-IV (B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-II, b-III, c-I, d-IV (D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**42. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**

**अभिकथन A: तापमान, दाब, हवा, वर्षा आदि जलवायु के तत्व हैं।**

**कारण R: किसी प्रदत्त क्षेत्र की दीर्घावधि औसत मौसमी दशाओं को उस क्षेत्र की जलवायु के रूप में जाना जाता है। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।-
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**43. जनसंख्या घनत्व के आरोही क्रम से नीचे दिए गए ज़िलों को व्यवस्थित करें (जनगणना, 2011 के अनुसार):**
a. बाड़मेर b. चुरू
c. बीकानेर d. बारां
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, a, b, d (B) a, c, b, d
(C) c, b, a, d (D) a, b, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**44. राजस्थान के निम्नलिखित सूती वस्त्र कारखानों को उनकी स्थापना के वर्ष के कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
**a. दि कृष्णा मिल्स लिमिटेड**
**b. एडवर्ड मिल्स**
**c. दि महालक्ष्मी मिल्स लिमिटेड**
**d. मेवाड़ टैक्सटाइल मिल्स**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, c, d, b (B) a, d, b, c
(C) b, a, c, d (D) a, b, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**45. राजस्थान की जनजातियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**a. डामोर जनजाति मुख्यतया डूंगरपुर ज़िले की सीमलवाड़ा पंचायत समिति में संकेन्द्रित है।**
**b. भील, राजस्थान में मुख्य जनजाति समूह है।**
**c. मीणा संख्या के अनुसार राजस्थान में सबसे बड़ी जनजाति है।**
**d. सांसी अधिकांशतया जयपुर ज़िले में पायी जाने वाली घुमंतू जनजाति है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c (B) a, c, d
(C) b, c, d (D) a, b, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**46. राजस्थान के तापीय विद्युत संयंत्रों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
**a. कालीसिंध तापीय विद्युत परियोजना झालावाड़ ज़िले में स्थित है।**
**b. 250 MW लिग्नाइट आधारित पावर स्टेशन बरसिंहसर तापीय विद्युत परियोजना है।**
**c. सूरतगढ़ सुपर थर्मल (तापीय) विद्युत स्टेशन बीकानेर में स्थित है।**
**d. कोटा सुपर थर्मल (तापीय) विद्युत स्टेशन राजस्थान में कोयला आधारित बिजली उत्पादक विद्युत संयंत्र है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, d (B) a, c, d
(C) a, b, c (D) b, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**47. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (मेला) | सूची II (स्थान) |
|---|---|
| a. बेणेश्वर मेला | I. सीकर |
| b. खाटूश्यामजी मेला | II. बीकानेर |
| c. डिग्गी कल्याणजी मेला | III. डूंगरपुर |
| d. करणी माता मेला | IV. टोंक |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-IV, d-II (B) a-II, b-I, c-IV, d-III
(C) a-III, b-IV, c-I, d-II (D) a-II, b-IV, c-I, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**48. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (महान व्यक्तित्व) | सूची II (संबंधित स्थान) |
|---|---|
| a. गोगाजी | I. उंडू-कासामेर |
| b. तेजाजी | II. कोलू |
| c. रामदेवजी | III. खरनाल |
| d. पाबूजी | IV. ददरेवा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-IV, b-I, c-III, d-II (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II (D) a-IV, b-III, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**49. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (राजवंश) | सूची II (शासक) |
|---|---|
| a. गुहिल | I. भारमल |
| b. राठौड़ | II. महाराणा प्रताप |
| c. चौहान | III. महाराजा जसवंत सिंह-I |
| d. कच्छावाहा | IV. अजयराज |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-IV, d-I (B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-III, b-IV, c-II, d-I (D) a-II, b-IV, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**50. निम्नलिखित दुर्गों को उनके निर्माण वर्ष के आधार पर कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
a. सिवाणा b. चुरू
c. जुनागढ़ d. गागरोण
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c, d (B) a, d, c, b
(C) a, d, b, c (D) a, c, d, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**51. राजस्थान के निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
**a. महाराणा कुम्भा** **b. बप्पा रावल**
**c. पृथ्वीराज III** **d. भारमल**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, a, c, d (B) c, d, b, a
(C) c, d, a, b (D) b, c, a, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**52. राजस्थान के निम्नलिखित प्रसिद्ध व्यक्तित्वों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
a. कन्हैया लाल सेठिया
b. गौरीशंकर हीराचंद ओझा
c. दुर्गादास राठौड़
d. अल्लाह जिलाई बाई
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, b, d, a (B) b, d, a, c
(C) b, c, a, d (D) c, b, a, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**53. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
अभिकथन A: होली के अवसर पर, राजस्थान के प्रचलित लोक-मनोरंजन के विविध रूपों में रम्मत का विशेष स्थान है।
कारण R: फूलजी भट्ट, गोपीकृष्ण भट्ट और वासुदेव भट्ट ने रम्मत परम्परा को जीवित रखा है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**54. किस वर्ष राजस्थान साहित्य अकादमी स्थापित हुई थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) 1938 (B) 1958
(C) 1962 (D) 1953
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**55. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
अभिकथन A: भरतपुर के निकटतम क्षेत्रों में उनकी बोली पर ब्रज भाषा का प्रभाव देखा जा सकता है।
कारण R: अलवर का क्षेत्र और भरतपुर का कुछ भाग मेवात के नाम से जाना जाता है और यहां मेवाती बोली जाती है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**56. निम्नलिखित कृतियों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें।**
a. राधा b. धूर्त रसिक लाल
c. कब तक पुकारूं d. सप्त किरण
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, d, c (B) a, b, c, d
(C) b, c, d, a (D) b, d, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**57. निम्नलिखित में से पश्चिमी राजस्थानी बोलियों का चयन करें:**
a. मारवाड़ी b. मेवाड़ी
c. वागड़ी d. हाड़ौती
e. मेवाती
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, d, e (B) a, b, c
(C) a, b, e (D) b, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**58. निम्नलिखित प्रसिद्ध मंदिरों को पश्चिम से पूर्व के क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. ब्रह्मा मंदिर, पुष्कर
b. भर्तृहरि मंदिर, सरिस्का
c. गलताजी मंदिर (मन्की टेम्पल)
d. तनोट माता मंदिर, तनोट
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) d, c, a, b
(B) d, c, b, a
(C) a, b, c, d
(D) d, b, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**59. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;**
अभिकथन A: आयुष्मान वय वंदन योजना 65 वर्ष और अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को नगदहीन (कैशलेस) उपचार प्रदान करती है।
कारण R: ऐसी योजनाएं राजस्थान में समावेशी स्वास्थ्य देखभाल में सहायता करती हैं।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**60. राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन से तापीय विद्युत संयंत्र हैं?**
a. छाबड़ा तापीय विद्युत् संयंत्र
b. कोटा तापीय विद्युत स्टेशन
c. गिराल लिग्नाइट तापीय विद्युत स्टेशन
d. सीकर तापीय विद्युत स्टेशन
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, d (B) a, c, d
(C) a, b (D) a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**61. भारत में रेल के विकास को कालक्रम में व्यवस्थित करें।**
a. मीटरगेज b. ब्रोडगेज
c. मेट्रो d. मोनो रेल
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, c, b, d (B) a, d, b, c
(C) a, b, d, c (D) b, d, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**62. राजस्थान के जिलावार प्राणी शुभंकरों के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) कोटा का प्राणी शुभंकर राजहंस है।
(B) जयपुर का प्राणी शुभंकर चीतल हरिण है।
(C) बाड़मेर का प्राणी शुभंकर लोमड़ी है।
(D) दौसा का प्राणी शुभंकर खरगोश है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**63. किस ज़िले को हरियाणा सरकार संग एमओयू के तहत यमुना नदी से जल मिल सकेगा? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) भरतपुर (B) अलवर
(C) चूरू (D) हनुमानगढ़
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**64. राजस्थान के RTE नियम, 2011 के अनुसार पाठशाला प्रबंधन समिति का कार्यकाल कितना होता है?**
(A) 3 वर्ष (B) 4 वर्ष
(C) 1 वर्ष (D) 2 वर्ष
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**65. निम्नलिखित में से कौन से राज्य सरकार के नवाचार हैं?**
a. विद्यालयों में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए बजटीय आवंटन
b. मिशन स्टार्ट
c. कागजविहीन परीक्षा
d. मांग/बुलावे पर विषय-विशेषज्ञ
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, c (B) a, d
(C) a, b (D) b, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**66. 'लक्षणा' शब्द शक्ति की परिभाषा का सही क्रम है-**
a. मुख्य अर्थ के बाधित होने पर
b. अन्य अर्थ लक्षित हो
c. मुख्य अर्थ से संबंध रखने वाला
d. जिस क्रिया या शक्ति से
e. रूढ़ि अथवा प्रयोजन के कारण
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c, d, e, a (B) a, e, d, c, b
(C) a, e, c, d, b (D) c, e, d, b, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**67. 'अभिधा' शब्द शक्ति से कितने प्रकार के शब्दों का अर्थबोध होता है?**
(A) पाँच (B) दो
(C) तीन (D) चार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अगले तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रश्न संख्या 68 से 70)**

हमारी पीढ़ी को स्वतंत्रता अर्जित नहीं करनी पड़ी। पिछली पीढ़ियों के संचित पुण्यों की तरह मिल गई। मिल गई तो मिल गई, सेंत में मिली किसी भी चीज़ की कद्र कभी किसी ने जानी है ! तो भला हम कैसे आज़ादी की कद्र जानते? पर जब आज़ादियों में कटौती होती है, तब हम न जाने कैसा-कैसा अनुभव करते हैं! आज़ादी में कटौती? यह क्या चीज़ है? संविधान ने हमें हर तरह की आज़ादी की गारंटी दी है न? तो बस, हम हैं आज़ाद हर तरह से। हमारा देश सर्वसत्ता-संपन्न संप्रभु देश है। आज भले ही हमें अपने हर बड़े फैसले से पहले अमेरिका की भृकुटियों का अनुसरण करने की प्रतिज्ञा करनी पड़ती हो। जनता जनतंत्र का प्रभु है- भले ही उसे हर नीति के बाहर खड़ा कर दिया जाता हो, जनता ठहरी भीड़ और भीड़ पर विश्वास कैसे किया जा सकता है ! तो विश्वास करें, जनता के प्रतिनिधियों पर? हाँ, वे तो स्वतंत्रता के संरक्षक हैं। और अगर रक्षक ही भक्षक बन जाए तो क्या जनता अपने इन तथाकथित प्रतिनिधियों को वापस भी बुला सकती है? अगर नहीं तो यह कैसी स्वतंत्रता है? कहाँ की संप्रभुता है? कानून के राज्य, समानता और सामाजिक न्याय की तो बात ही मत कीजिए। इन कटघरों में बँधे, तो आज़ादी कैसी? ना, आज जिस तरह की आज़ादी का उपयोग यह देश कर रहा है, वह इन चौहद्दियों में नहीं आती। कोई चाहे तो इसे अराजकता कह ले !

**68. जनतंत्र का प्रभु कौन है?**
(A) संसद (B) जनता
(C) प्रधानमंत्री (D) राष्ट्रपति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**69. उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'सेंत में मिलना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**
(A) बिना परिश्रम के मिलना (B) परिश्रम से मिलना
(C) कठिनाई से मिलना (D) संघर्ष से मिलना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**70. उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जनता को क्या संज्ञा दी गई है?**
(A) संरक्षक की (B) प्रहरी की
(C) रक्षक की (D) भीड़ की
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**71. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (लोकोक्तियाँ) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| a. जिसको पिया चाहे, वही सुहागिन | I. मनुष्य ही मनुष्य का शत्रु है |
| b. जो बोले सो घी को जाए | II. महाकृपण |
| c. जी का बैरी जी | III. जिसको अफसर माने, वही योग्य है |
| d. जी जाए, घी न जाए | IV. ज्यादा बोलना अच्छा नहीं होता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-Ib II, c-III, d-IV (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**72. सूची I को सूची II से सुमेलित करें-**

| सूची I (कहावतें) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| a. अटका बनिया देय उधार | I. कमजोर से सब लाभ उठाते हैं। |
| b. अनदेखा चोर शाह बराबर | II. कोई काम खुद करना ही श्रेयस्कर है। |
| c. गरीब की जोरू सब की भौजाई | III. दबाव पड़ने पर सब कुछ करना पड़ता है। |
| d. खेती, खसम लेती | IV. चोरी नहीं पकड़े जाने पर चोर स्वयं को निर्दोष के समकक्ष समझता है। |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-II, c-I, d-IV (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**73. निम्नलिखित में से कौन से वाक्य सही हैं?**
a. शब्द शक्तियाँ तीन प्रकार की होती हैं।
b. शब्द शक्तियाँ चार प्रकार की होती हैं।
c. लक्षणा व्यापार की तीन स्थितियाँ हैं।
d. 'घोड़ा' यौगिक शब्द है।
e. 'दिवाकर' यौगिक शब्द है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c और d (B) b, c और e
(C) a, c और e (D) a, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**74. निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान कीजिए-**
a. दो सजातीय स्वरों के मेल पर दोनों के बदले सवर्ण दीर्घ स्वर हो जाता है।
b. 'अ' के साथ 'इ' आने पर दोनों मिलकर 'ए' हो जाते हैं। यह विकार वृद्धि कहलाता है।
c. अ +ओ = औ गुण सन्धि का उदाहरण है।
d. किसी वर्ण के प्रथम अक्षर से परे कोई अनुनासिक वर्ण हो तो प्रथम वर्ण के बदले उसी वर्ग का अनुनासिक वर्ण हो जाता है।
e. 'छ' के पूर्व स्वर हो तो 'छ' के बदले 'च्छ' होता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) b और c (B) d और e
(C) a और c (D) b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**75. नीचे दिए गए 'कर्मतत्पुरुष – करणर्तत्पुरुष - सम्प्रदानतत्पुरुष - अपादानतत्पुरुष - अधिकरणतत्पुरुष' के उदाहरणों को इसी क्रम में ही व्यवस्थित कीजिए-**

a. गृहप्रवेश　b. कामचोर
c. विद्यालय　d. आशातीत
e. नीतियुक्त

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, a, d, e, c　(B) a, b, c, e, d
(C) d, e, c, b, a　(D)d, b, c, a, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[C/*]**

**76. 'अव्ययीभाव – तत्पुरुष कर्मधारय द्विगु द्वन्द्व' के --निम्नलिखित उदाहरणों को पहचान कर इसी क्रम में ही व्यवस्थित कीजिए-**

a. अध्यात्म　b. नवजात
c. वागदत्त　d. अन्नजल
e. नवरत्न

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c, d, e, a, b　(B) b, c, d, e, a
(C) a, b, c, d, e　(D) a, c, b, e, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[D]**

**77. 'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द है-**

(A) प्रत्युपकार　(B) प्रतिकूल
(C) प्रत्यक्ष　(D) प्रख्यात
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[D]**

**78. निम्नलिखित में से असंगत युग्म की पहचान कीजिए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) 'अना' प्रत्यय – वासना　(B) 'इ' प्रत्यय - बलि
(C) 'आ' प्रत्यय - घोषणा　(D) 'अन' प्रत्यय – क्रंदन
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[B]**

**79. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) प्रदर्शिनी　(B) अन्त्याक्षरी
(C) अनुग्रहीत　(D) गृहणी
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[B]**

**80. निम्नलिखित में से कौन से शब्द अशुद्ध हैं?**

a. सन्यासी　b. कवयित्री
c. उज्जवल　d. वैदेशिक
e. ज्योत्स्ना

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a और e　(B) d और e
(C) b और d　(D) a और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[D]**

**81. निम्नलिखित में से कौन से वाक्य अशुद्ध हैं?**

a. सारे देश भर में रोष प्रकट किया गया।
b. आपने मुस्कुरा दिया।
c. तुम केवल सोने के लिए आए हो।
d. यहाँ शत्रु से खतरा है।
e. आदमी को ऐसा विचार नहीं करना चाहिए।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, c और e　(B) c, d और e
(C) a, b और c　(D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[C]**

**82. इनमें से कौन से वाक्य शुद्ध हैं?**

a. इस पेड़ की ऊँचाई कितनी है?
b. वह हमारे मुख्य अतिथि थे।
c. साधू को भिक्षा दो।
d. पुस्तकों का एक सूचिपत्र दे दें।
e. वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) c, d और e　(B) a, b और d
(C) b, c और d　(D) a, b और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[B]**

**83. विधिवाचक वाक्य से रूपांतरित निम्नलिखित निषेधवाचक वाक्य का सही क्रम क्या है?**

a. कौन　b. अपने देश के लिए
c. भारतीय　d. अपनी जान
e. न देगा

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b, c, d, e　(B) c, d, e, a, b
(C) b, a, c, d, e　(D) a, c, b, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[C]**

**84. भाषा सीखने के प्रारम्भिक साधनों में सम्मिलित नहीं है-(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) अनुसंधान　(B) अभ्यास
(C) सम्पर्क　(D) अनुकरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[A]**

**85. श्रवण कौशल के प्रकारों के सम्बन्ध में असत्य कथन है-**

a. श्रवण कौशल केवल सुनने में पारंगत होना नहीं है, अपितु अर्थग्रहण, उसके अनुरूप कार्य और प्रतिक्रिया का सम्मिलित रूप है।
b. श्रुत सामग्री को ध्यानपूर्वक सुनकर उसके मुख्य तत्वों, विचारों आदि को ग्रहण करना अवधानात्मक श्रवण है।
c. भाषा-शिक्षण में रसात्मक श्रवण योग्यता के विकास के लिए 'बोध-कथा' सर्वोत्तम साधन है।
d. श्रवण प्रक्रिया के श्रवण की अपेक्षाओं के आधार पर पाँच प्रकार हैं।
e. विश्लेषणात्मक श्रवण में श्रोता श्रुत सामग्री में प्रस्तुत विचारों, भावों पर तुलनात्मक दृष्टि से विचार करता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) c और d　(B) b और d
(C) a और b　(D) c और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[D]**

**86. वार्तालाप द्वारा भाषायी कौशल विकास हेतु शिक्षक द्वारा अपनाया जाने वाला सुधार का उचित क्रम होना चाहिए-**

a. शैली में सुधार
b. भाषा तथा व्याकरण सम्बन्धी शुद्धि
c. शब्दों के यथासम्भव शुद्ध उच्चारण
d. वार्ता अथवा कथा का तारतम्य
e. अस्पष्ट बातों को स्पष्ट करने की क्षमता

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) e, d, a, b, c　(B) c, d, e, b, a
(C) c, e, b, d, a　(D) a, b, c, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[B]**

**87. हिन्दी गद्य-शिक्षण का विशिष्ट उद्देश्य नहीं है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) विचार विश्लेषण अथवा अर्थग्रहण
(B) त्वरित गति से मौन पठन की योग्यता
(C) भाषिक तत्वों का ज्ञान
(D) विषय सामग्री का बोध
(E) अनुत्तरित प्रश्न　**[B]**

**88. भाषा-शिक्षण की 'साहचर्य-विधि' किस विद्वान के द्वारा दी गई है?**
(A) स्टीफन क्राशन (B) जॉन डीवी
(C) डॉ. मान्टेसरी (D) महर्षि गौतम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**89. भाषा शिक्षण हेतु प्रयुक्त पाठ्यपुस्तकों के गुणों में सम्मिलित नहीं है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) अनाकर्षक साज-सज्जा (B) स्तरानुकूलता
(C) सोद्देश्यता (D) रोचकता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**90. एक अच्छे परीक्षक हेतु आवश्यक गुण हैं-**
a. विषयनिष्ठता b. विश्वसनीयता
c. विभेदकारिता d. व्यक्तिपरकता
e. शीघ्रता
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) a, b और c (B) a, d और e
(C) a, c और d (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**91. अध्यापक द्वारा मानकीकृत उपलब्धि मूल्यांकन के सोपानों का सही क्रम होगा-**
a. अंकन तालिका तैयार करना
b. परीक्षण के अंतिम प्रारूप को तैयार करना
c. लक्ष्य निर्धारित करना
d. प्रश्नों के प्रकार का निर्णय लेना
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, d, b, a (B) b, c, a, d
(C) a, b, c, d (D) d, b, c, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**92. इनमें से उपचारात्मक शिक्षण का उद्देश्य नहीं है-**
a. प्राप्त ज्ञान में कमियों का निराकरण करना a.
b. समुचित दिशा में विकास का मार्ग प्रशस्त करना
c. समाज से स्वीकृत आदतों का परिमार्जन करना
d. शिक्षार्थी की कमियों और कारणों को प्रकाश में लाना
e. शैक्षिक प्रगति के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों का पता लगाना
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b और d (B) c और d
(C) a और b (D) d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**93. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (अर्थग्रहण का प्रकार) | सूची II (प्रश्न का प्रकार) |
|---|---|
| a. सूचनात्मक | I. क्यों, कैसे |
| b. अवबोधात्मक | II. कौन, क्या, कहाँ, किसे |
| c. आलोचनात्मक | III. यदि वह ऐसा करता तो क्या होता? |
| d. सृजनात्मक | IV. ऐसा क्यों? ऐसा क्यों नहीं? |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तरं चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**94. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (पारिभाषिक शब्द) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| a. अंतःस्थ | II. कारक, जिसमें आधार (में, पर) का अर्थ हो |
| b. अपादान | II. स्वर और व्यंजन के बीच की ध्वनियाँ |
| c. अधिकरण | III. ने. से, का, लिए आदि संबंधसूचक अव्यय |
| d. परसर्ग | IV. कारक, जिसमें अलगाव का अर्थ निहित हो |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-II, d-IV (D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**95. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (पारिभाषिक शब्द) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| a. Abrogate | I. हवाई अड्डा |
| b. Accede | II. पदत्याग देना |
| c. Aerodrome | III.निराकरण करना |
| d. Abdicate | IV. मान लेना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-III, b-IV, c-I, d-II (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**96. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (पारिभाषिक शब्द) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| a. Amnesty | I. समनुदेशन |
| b. Assignment | II. पदारोहण |
| c. Accession | III. सर्वक्षमा |
| d. Agenda | IV. कार्यसूची |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III b-1, c-II, d-IV
(C) a-II, b-III, c-I, d-IV (D) a-IV, b-I, c-II, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**निम्नलिखिताः पद्यांश को पढ़कर अगले तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (प्रश्न संख्या 97 से 99)**

क्या रोकेंगे प्रलयं मेघ ये, क्या विद्युत घन के नर्तन,
मुझे न साथी रोक सकेंगे, सागर के गर्जन-तर्जन।
मैं, अविराम पथिक अलबेला रुके न मेरे कभी चरण,
शूलों के बदले फूलों का किया न मैंने मित्र चयन।
मैं विपदाओं में मुसकाता नव आशा के दीप लिए
फिर मुझको क्या रोक सकेंगे जीवन के उत्थान पतन,
मैं अटका कब, कब विचलित मैं, सतत डगर मेरी संबल
रोक सकी पगले कब मुझको यह युग की प्राचीर निबल
आँधी हो, ओले-वर्षा हों, राह सुपरिचित है मेरी,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे ये जग के खंडन-मंडन।
मुझे डरा पाये कब अंधड़, ज्वालामुखियों के कंपन,
मुझे पथिक कब रोक सके हैं अग्निशिखाओं के नर्तन।
मैं बढ़ता अविराम निरंतर तन-मन में उन्माद लिए,
फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये बादल विद्युत - नर्तन।

**97. पद्यांश में आये मेघ, विद्युत, सागर की गर्जना किसके प्रतीक हैं?**
(A) बाधाओं के (B) वीरता के
(C) संघर्ष के (D) साहस के
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**98. उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार 'युग की प्राचीर' से क्या तात्पर्य है?**
(A) वर्तमान का संकट (B) भविष्य के तनाव
(C) जीवन में समय-समय पर आने वाली बाधाएँ
(D) समय का सच (E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**99. उपर्युक्त पद्यांश के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा तद्भव शब्द है?**
(A) मेघ (B) नव
(C) मुसकाता (D) विद्युत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**100. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. अंतःस्थ | I. ह |
| b. ऊष्म | II. ल |
| c. संयुक्त व्यंजन | III. द |
| d. द्विगुण व्यंजन | IV. क्ष |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-IV, b-II, c-I, d-III
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**101. 'मूल और यौगिक' किन विशेषणों के भेद हैं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) संख्यावाचक (B) क्रमवाचक
(C) सार्वनामिक (D) गुणवाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**102. निम्नलिखित में से स्थितिवाचक अव्यय का उदाहरण है-**
(A) इधर (B) ऊपर
(C) पहले (D) यहाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**103. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. अकर्मक क्रिया | I. श्याम आम खाता है। |
| b. सकर्मक क्रिया | II. उसका सिर खुजलाता है। |
| c. पूर्वकालिक क्रिया | III. उसने खा लिया है। |
| d. संयुक्त क्रिया | IV. वह खाकर सोता है। |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-IV, d-III (B) a-II, b-I, c-IV, d-III
(C) a-II, b-III, c-I, d-IV (D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**104. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. व्यक्तिवाचक संज्ञा | I. यमुना |
| b. जातिवाचक संज्ञा | II. परिवार |
| c. समूहवाचक संज्ञा | III. किताब |
| d. भाववाचक संज्ञा | IV. लिखावट |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-IV, b-II, c-III, d-I
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV
(D) a-I, b-III, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**105. निम्नलिखित में असत्य कथन की पहचान कीजिए-**
(A) सयुक्त व्यंजन के पर्व ह्रस्व स्वर का उच्चारण कुछ झटके के साथ होता है. जिससे दोनों व्यंजनों का उच्चारण स्पष्ट हो जाता है।
(B) दो महाप्राण व्यंजनों का उच्चारण एक साथ नहीं हो सकता है।
(C) अनुस्वार तीव्र और अनुनासिक धीमी ध्वनि है।
(D) विसर्ग तालव्य वर्ण है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**106. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. कंठ्य | I. ओ, औ |
| b. तालव्य | II. ज, झ |
| c. कंठोष्ठ्य | III. ख, ग |
| d. दंतोष्ठ्य | IV. व |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-II, c-I, d-IV (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**107. वर्गानुसार हिन्दी के स्पर्श व्यंजनों के उच्चारण स्थान का सही क्रम है-**
a. कंठ b. तालु
c. दंत d. ओष्ठ
e. मूर्द्धा
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, e, c, d (B) a, c, b, d, e
(C) a, b, c, d, e (D) b, c, e, a, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**108. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
a. जिसके खण्ड न हो सकें, उस मूल ध्वनि को वर्ण कहते हैं।
b. 'सबेरा' शब्द में तीन ध्वनियां हैं और इन ध्वनियों के खण्ड नहीं किए जा सकते हैं।
c. हिन्दी वर्णमाला में 43 वर्ण हैं, जिसमें 10 स्वर और 34 व्यंजन हैं।
d. स्वरों का उच्चारण स्वतंत्रता से होता है।
e. व्यंजन स्वर की सहायता के बिना नहीं बोले जा सकते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) a और d (B) d और e
(C) a और b (D) b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**109. 'एकत्र, ग्रास, कुत्सा, उपरि' शब्दों के विलोम चुनव इसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए।**
a. मोक्ष b. प्रशंसा
c. विकीर्ण d. निम्न
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, a, d, c (B) d, a, b, c
(C) a, b, c, d (D) c, a, b, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**110. इनमें से 'अज' के अर्थ को द्योतित करते हैं?**
a. सर्प b. सूर्य
c. बकरा d. अग्नि
e. दशरथ के पिता
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b और d (B) d और e
(C) c और e (D) a और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**111. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. भय | I. भयंकर डर |
| b. त्रास | II. सामान्य डर |
| c. वेदना | III. मानसिक कष्ट |
| d. व्यथा | IV. शारीरिक कष्ट |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-II, c-IV, d-I (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**112. निम्नलिखित में 'नि' उपसर्ग निर्मित शब्द है-**
a. निडर b. निस्तेज
c. निराकार d. निवास
e. निश्चय

कलासेज उदयपुर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) c और d (B) b और e
(C) a और d (D) b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**113. इनमें से असत्य कथन की पहचान कीजिए-**
a. पुल्लिंग संज्ञा के आकारांत को एकारांत कर देने से बहुवचन बनता है।
b. 'प्रत्येक' तथा 'हरएक' का प्रयोग सदा बहुवचन में होता है।
c. भाववाचक और गुणवाचक संज्ञाओं का प्रयोग एकवचन में होता है, लेकिन जहां संख्या या प्रकार का बोध हो, वहां गुणवाचक-भाववाचक संज्ञाएँ बहुवचन में भी प्रयुक्त हो सकती हैं।
d. प्राण, आँसू, ओठ इत्यादि शब्दों का प्रयोग हिन्दी में बहुवचन में होता है।
e. द्रव्यवाचक संज्ञाओं का सदा बहुवचन में ही प्रयोग करते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c और e (B) b और d
(C) a और b (D) b और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**114. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. तत्सम | I. चसक |
| b. तद्भव | II. वत्स |
| c. देशज | III. हल्दी |
| d. विदेशी | IV. ताजा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III (B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-I, b-II, c-IV, d-III (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**115. 'गम' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) समाधिगम (B) तुरंगम
(C) संगम (D) समागम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**116. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तत्सम है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) मध्य (B) नौ
(C) घोड़ा (D) मोर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**117. निम्नलिखित शब्दों में 'दीर्घ-गुण-वृद्धि-यण-अयादि' सन्धि के उदाहरणों को पहचानकर इसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. रमेश b. कपीश
c. मतैक्य d. नाविक
e. न्यून
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, a, e, b, d (B) b, a, c, e, d
(C) b, a, c, d, e (D) a, b, d, c, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**118. निम्नलिखित मिश्र वाक्य का सही क्रम है:**
a. उस b. पुस्तकालय को खरीदा
c. उसने d. मित्र का था।
e. जो उसके
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c, d, a, e (B) c. a, b, e, d
(C) a, b, c, d, e (D) b, c, d, e, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**119. निम्नलिखित संयुक्त वाक्य का सही क्रम है:**
a. लूटा b. बल्कि
c. उसकी d. हत्या भी कर दी।
e. उसने न केवल गरीब को
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) e, a, b, c, d (B) d, e, a, b
(C) a, b, c, d, e (D) b, c, d, a, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**120. 'विधिवाचक, निषेधवाचक, ज्ञावाचक, प्रश्नवाचक, विस्मयुवाचक' वाक्यों का सही क्रम है:**
a. तुम खाओ। b. हम खा चुके।
c. हमने खाना नहीं खाया। d. क्या तुम खा रहे हो?
e. ओह! मेरा सिर फटा जा रहा हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, d, a, b, e (B) b, a, c, d, e
(C) a, b, c, d, e (D) b, c, a, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**121. हिंदी में प्रयुक्त निम्नलिखित विराम चिह्नों में से कौन-सा पूर्णतः हिंदी का है?**
(A) । (पूर्ण विराम चिह्न) (B) ; (अर्ध विराम चिह्न)
(C) ? (प्रश्नचिह्न) (D) ! (आश्चर्य चिह्न)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**122. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. अल्प विराम | I. ! |
| b. अर्ध विराम | II. । |
| c. पूर्ण विराम | III. , |
| d. आश्चर्य चिह्न | IV. ; |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV (B) a-III, b-IV, c-II, d-I
(C) a-I, b-III, c-IV, d-II (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**123. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. सर्पाकार कोष्ठक | I. ^ |
| b. अपूर्ण सूचक | II. { } |
| c. पुनरुक्ति सूचक | II. XXX |
| d. हंस पद | IV. " |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-IV, d-I (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-I, d-I (D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**124. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (मुहावरे) | सूची II (अर्थ) |
|---|---|
| a. अक्ल का दुश्मन होना | I. बहुत ही क्रोधित व्यक्ति |
| b. अन्न जल उठाना | II. मूर्ख होना |
| c. अगिया बैताल | III. अपनी सत्यता की परीक्षा देना |
| d. अक्ल का पुतला | IV. अधिक बुद्धिमान |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सुबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-I, b-II, c-III d-IV
(C) a-II, b-III, c-IV, d-I
(D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**125. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची I (मुहावरे)** | **सूची II (अर्थ)** |
|---|---|
| a. अंक में भरना | I. भेद जानना |
| b. अंग टूटना | II. प्यार से गोद में लेना |
| c. अंत पाना | III. थकावट से बदन में दर्द होना |
| d. अंटी मारना | IV. चाल चलना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**126. इनमें से किन वाक्यों में पुरुषवाचक सर्वनाम का प्रयोग है?**
a. मैं कहता हूँ कि नदियाँ सूखती जा रही हैं।
b. मैं आप चला जाऊंगा।
c. मैंने आपसे कहा था कि यह बीमार नहीं है।
d. मैं यह काम आप ही कर लूँगा।
e. आपके घर कोई आया है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही-उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) c और d (B) d और e
(C) a और c (D) b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**127. 'सार्वनामिक – गुणवाचक - निश्चित संख्यावाचक - अनिश्चित परिमाणबोधक' विशेषण के इन भेदों के उदाहरणों को उपर्युक्त क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. प्राचीन b. कोई
c. चौगुना d. बहुत
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, a, d, b (B) a, c, d, b
(C) a, b, c, d (D) b, a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**128. 'कर्ता - कर्म - करण - सम्प्रदान - अपादान' कारक के उदाहरणों को पहचान कर इसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. पक्षी उड़ता है। b. श्याम गेंद से खेलता है।
c. वृक्ष से पत्ता गिरता है। d. राहुल ने चोर को पकड़ा।
e. हम पढ़ने के लिए स्कूल जाते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, d, b, e, c (B) c, d, e, b, a
(C) a, e, b, d, c (D) b, a, c, e, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**129. निम्नलिखित में से कर्मवाच्य के उदाहरण हैं-**
a. रमेश पत्र लिखता है। b. बच्चे शोर मचाएँगे।
c. भारतीयों के द्वारा महात्मा महात्मा गांधी नहीं भुलाए जा सकते।
d. दुकान बंद करा दी गई। e. मित्र विपत्ति में मदद करते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b और e (B) d और e
(C) a और e (D) c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**130. निम्नलिखित में कौन-से शब्द स्त्रीलिंग हैं?**
a. पक्षी b. समूह
c. नेत्र d. संतान
e. सवारी
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c और e (B) d और e
(C) a और c (D) b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**131. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (भेद) | सूची II (उदाहरण) |
|---|---|
| a. सामान्य वर्तमान | I. वह जा रहा है। |
| b. तात्कालिक वर्तमान | II. वह देखता है। |
| c. संदिग्ध वर्तमान | III. वह लौटा हो। |
| d. संभाव्य वर्तमान | IV. वह पढ़ता होगा। |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-I, c-III, d-IV (B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-II, b-I, c-IV, d-III (D) a-I, b-III, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**132. 'वह जन्म का भिखारी है इस वाक्य में 'का' किस कारक की विभक्ति है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) संप्रदान (B) करण
(C) संबंध (D) अधिकरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**133. निम्नलिखित में कौन-सा विकल्प सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) चूर – शिथिल (B) चूड़ - चोटी
(C) चिर – कपड़ा (D) चीड़ – एक वृक्ष
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**134. इनमें से कौन - सा युग्म असंगत है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) जो भेदा या तोड़ा न जा सके - अभेद्य
(B) आवश्यकता से अधिक धन ग्रहण करना – अपरिग्रह
(C) जो प्रमाण से सिद्ध न हो – अप्रमेय
(D) जिसे वाणी द्वारा न कहा जा सके - अनिर्वचनीय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**135. निम्नलिखित शब्दों में इन्द्र - किरण - जल - चोर - पृथ्वी', के पर्यायवाची चुनकर इसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. अंशु b. वासव
c. उर्वी d. तोय
e. मोषक
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, a, d, e, c (B) a, c, e, d, b
(C) a, b, d, c, e (D) c, a, b, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**136. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
अभिकथन-A: एंटीवायरस टूल हमें ईमेलों अथवा फाइलों में वायरस की पहचान करने में सहायता करते हैं और इस प्रकार, हमारे कंप्यूटरों की रक्षा करते हैं।
कारण-R: फायरवाल कंप्यूटर की सुरक्षा नहीं कर सकती है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है, लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**137. विवृत-अद्योगामी (स्ट्रीप्पड डाउन) शिक्षण मॉडल किसके द्वारा विकसित किया गया था?**
(A) फ्लांडर्स (B) ब्राउंडी
(C) एवान, पी. पावलोव (D) रॉबर्ट ग्लासेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**138. विकास के क्रम को बढ़ते अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. स्पर्शजन्य संवेदन का प्रत्युत्तर- सबसे पहले मुख - नासिका क्षेत्र में
b. भुजाओं, पैरों और धड़ की गति
c. हृदयगति की शुरूआत d. पकड़ (ग्रास्प) और बेबिन्सकी प्रतिवर्त
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) c, a, b, d (B) c, b, a, d
(C) a, d, b, c (D) a, c, b, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**139. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची I (मनोवैज्ञानी) | सूची II (मनोविज्ञान के क्षेत्र में योगदान) |
|---|---|
| a. सिग्मंड फ्रॉयड | I. मनोसामाजिक चरण |
| b. एरिक एरिक्सन | II. मनोयोनिक चरण |
| c. इवान पी. पावलोव | III. शास्त्रीय अनुबंधन |
| d. जीन पियाजे | IV. संज्ञानात्मक – विकास सिद्धांत |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III (B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**140. सूची I को सूची II से सुमेलित करें-**

| **सूची-I (मेमरी की इकाई)** | **सूची-II (क्षमताएं)** |
|---|---|
| a. एक निबल | I. 4 बिट्स |
| b. एक किलो बाइट | II. 1024×8 बिट्स |
| c. एक मेगा बाइट | III. 1024 किलो बाइट |
| d. एक बाइट | IV. 8 बिट्स |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-IV, c-III, d-II (B) a-II, b-I, c-III, d-IV
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-I, b-III, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**141. एडवर्ड थॉर्नडाइक द्वारा विकसित अधिगम के सिद्धांत को क्या कहा जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) शास्त्रीय अनुबंधन (B) प्रयास और त्रुटि अधिगम
(C) अंतर्दृष्टिपूर्ण अधिगम (D) प्रचालक अनुबंधन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**142. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;**
अभिकथन-A: फ्लांडर के सामाजिक अंतरक्रिया मॉडल के अनुसार छात्र और शिक्षकों के कथनों को छः वर्गों में बाँटा गया है।
कारण-R: प्रत्येक तीन सेकंड के अंतराल के बाद, ऑबजर्वर यह निर्णय करता है कि कौन सा वर्ग उस अवधि के संवाद व्यवहार का ठीक से प्रतिनिधित्व करता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए-**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**143. एक लड़का, जो 10 साल का है, उसकी बुद्धिमत्ता 12 साल के बच्चे जितनी है और सामाजिक व्यवहार 6 साल के बच्चे जैसा है। इस अंतर को कहा जाता है -**
(A) अंतरव्यक्तिगत अंतर (इंटर-इंडिविजुअल डिफरेंस)
(B) अंतर्वैयक्तिक अंतर (इन्ट्रा-इंडिविजुअल डिफरेंस)
(C) विपथन (ऐबरेशन) (D) विसंगति (एनोमली)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**144. निम्नलिखित में से कौनसे कंप्यूटर पर खतरे हैं?**
a. सॉफ्टवेयर पायरेसी (चोरी) b. ऑनलाइन प्रीडेटर (भक्षी)
c. ट्रोजन हॉर्स d. एंटी-वायरस
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, d (B) b, c, d
(C) a, b, c (D) a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**145. आई गूगल और याहू ............... के उदाहरण हैं। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) वेब पेज (B) वेब कंसोर्टियम
(C) वेब सर्वर (D) वेब पॉर्टल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**146. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
अभिकथन-A: लोरेंस स्टोलूरोव और डेनियल डेविस के शिक्षण मॉडल के अनुसार प्रीट्यूटोरियल चरण में, एक खास छात्र के लिए शिक्षण कार्यक्रम का चयन किया जाता है।
कारण-R: इस चरण में अनुदेशन प्रयोजनों संबंधी निर्णय और प्रवेशन व्यवहार सम्मिलित होते हैं।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A सही है लेकिन R सही नहीं है। (B) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(C) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(D) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**147. वेबसाइट ............... का संग्रहण है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) पिक्चर (B) वेब पेज
(C) ऑडियो फाइल (D) विडियो फाइल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**148. शिशुओं/बालकों की जीवनियों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
a. प्रेयर द्वारा "दि माइंड ऑफ दि चाइल्ड"
b. डार्विन द्वारा "ए बायोग्राफिकल स्केच ऑफ एन इंफेन्ट"
c. शिन्न द्वारा "ए बायोग्राफी ऑफ ए बेबी"
d. स्कूपिन और स्कूपिने द्वारा "बूबी का इस्टे काइंडहेइट"
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c, d (B) a, c, b, d
(C) b, c, a, d (D) b, a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**149. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I (विकास के चरण)** | **सूची-II (संबंधित वर्ष)** |
|---|---|
| a. नवजात और शैशवावस्था | I. 6 से 11 वर्ष |
| b. आरंभिक बालपन/बचपन | II. 2 से 6 वर्ष |
| c. मध्य बालपन/बच्पन | III. जन्म से 2 वर्ष |
| d. किशोरावस्था | IV. 11 से 18 वर्ष |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-II, d-IV (B) a-III, b-I, c-IV, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**150. डाउन सिण्ड्रोम के बारे में निम्नलिखित में से कौन से सत्य हैं?**
a. डाउन सिण्ड्रोम अर्धसूत्रण के दौरान गुणसूत्रों के के 21वें जोड़े के पृथक होने में विफल रहने के कारण घटित होता है, जिससे नवीन व्यक्ति सामान्य दो के बजाए इन तीन गुणसूत्रों को वंशानुगत रीति से प्राप्त करता है।
b. डाउन सिण्ड्रोम किसी अन्य गुणसूत्र के भाग/अंश से 21 वें गुणसूत्र के अतिरिक्त टूटे भाग के जुड़ने के कारण हो सकता है।
c. डाउन सिण्ड्रोम 23 गुणसूत्रों के जोड़ों में होता है।
d. डाउन सिण्ड्रोम XYY गुणसूत्रों के कारण होता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b और c (B) a और d
(C) a और b (D) a और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

♦♦♦♦♦♦